**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 16.07.2025** **समय : 0705**

- **द्वीपसमूह में डायरिया रोको अभियान आज से शुरू हो रहा है।**
- अग्निशमन **विभाग का सब–ऑफिसर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू–उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने किया उद्‌घाटन।**
- **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने 7 वर्ष तक के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने को कहा है।**
- **द्वीपों के कई स्थानों पर भारी वर्शा हो रही है।**

<><><><><><><>

पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से द्वीपसमूह में ”दस्त की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान” नारे के साथ दस्त रोको अभियान 2025 शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य दस्त के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना, प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करना और समय पर उपचार को बढ़ावा देना है। यह अभियान आज से 31 अगस्त तक चलेगा। इसमें सामुदायिक लामबंदी, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण और ओ आर एस और जिंक टैबलेट का वितरण करना है। इस पहल में आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के समन्वित प्रयास शामिल हैं। क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित कार्यशाला में स्वास्थ्य सेवा निदेशक ने कहा कि दस्त से होने वाली सभी मौतों को रोका जा सकता है। ”हर बच्चे का जीवन अनमोल है, इसलिए, ओआरएस, सुरक्षित पेयजल और हाथ धोने जैसे सरल और समय पर किए गए उपाय हज़ारों लोगों की जान बचा सकते हैं।” पाँच साल से

कम उम्र के बच्चों वाले सभी घरों में ओआरएस और ज़िंक की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने श्री विजयपुरम स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित होने वाले सब–ऑफिसर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के पहले बैच का उद्घाटन किया। यह आयोजन द्वीपसमूह के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि प्रशिक्षण केंद्र को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय, नागपुर से पहली बार आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई है। इस मान्यता के साथ, राज्य प्रशिक्षण केंद्र देश में एनएफएससी द्वारा मान्यता प्राप्त 11वां प्रशिक्षण संस्थान बन गया है। उपराज्यपाल ने अंडमान निकोबार अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा इकाई की व्यावसायिक उत्कृष्टता और आपदा तैयारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। उद्घाटन अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल भी उपस्थित थे। पुलिस महानिदेशक ने अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण में उत्कृष्टता लाने के प्रयास के लिए विभाग को बधाई देते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि यह उपलब्धि राष्ट्रीय स्तर पर अंडमान निकोबार अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं की प्रतिष्ठा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाती है। एनएफएससी का 54वां बाह्य उप–अधिकारी पाठ्यक्रम 25 सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम है, जिसमें एक औद्योगिक संलग्नक भी शामिल है। पहले बैच में 06 संगठनों के 30 अग्निशमन अधिकारी शामिल हैं। पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई ए, ने प्रशिक्षण केंद्र को एनएफएससी के एसटीसी के रूप में मान्यता दिलाने में आईएनएस उत्क्रोश की भी विशेष सराहना की।

<><><><><><><>

उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संवर्धन विभाग ने राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार के पांचवें संस्करण के लिए आवेदन मंगाए हैं। स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के तहत यह एक महत्वपूर्ण पहल है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए स्टार्टअप इंडिया विभिन्न पहलों के माध्यम से समर्थन देता है। इनमें कर में छूट, नियमों में ढील, स्टार्टअप को मान्यता देना, धनराशि उपलब्ध कराना और क्षमता निर्माण शामिल हैं। राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, फिन्टेक, एयरोस्पेस, स्वास्थ्य, शिक्षा, साइबर सुरक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में दिए जाते हैं। 2016 में शुरू किये गये स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम ने भारत के उद्यम क्षेत्र को बदलकर रख दिया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण की ओर से भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत मेसर्स एटलस मैनेजमेंट कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, झारखंड ने ग्रेट निकोबार द्वीप में प्रस्तावित ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना के लिए सामाजिक प्रभाव आंकलन रिपोर्ट का मसौदा तैयार कर जन–सुनवाई आयोजित की गई। कार्यक्रम में पंचायत प्रमुख ई एस राजेश, प्रधान और अन्य हितधारक शामिल थे। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग के परिवीक्षा अधिकारी ए के बिश्वास ने कहा।

<><><><><><><>

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने माता –पिता और अभिभावकों से 7 वर्ष तक के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने का आग्रह किया है। प्राधिकरण ने कहा है कि वर्तमान दिशा–निर्देश के अनुसार पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के

उंगलियों के निशान या आंखों का स्कैन देने की आवश्यकता नहीं है। एक बार जब बच्चा पांच वर्ष का हो जाता है, तो इन बायोमेट्रिक्स को अपडेट किया जाना चाहिए। 5 से 7 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए यह प्रक्रिया निः शुल्क है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से 19 जुलाई को श्री विजयपुरम में 'मानसून साइकिलिंग रैली' का एक विशेष संस्करण आयोजित किया जाएगा। रैली सुबह 5.30 बजे नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस स्टेडियम में समाप्त होगी। इच्छुक प्रतिभागियों से अपने व्यक्तिगत साइकिल के साथ सुबह 5.15 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने को कहा गया है। खेल एवं युवा मामले निदेशालय ने एक स्वस्थ जीवन शैली हेतु फिटनेस और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की है। अधिक जानकारी के लिए खेल एवं युवा मामले निदेशालय से संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

द्वीपों के एकाध स्थानों पर आज भारी वर्षा और तेज हवा के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। आज सुबह से भारी वर्षा हो रही है। हवा की गति 35–45 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़कर 55 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ सकती है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को 18 और 19 जुलाई को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है

<><><><><><><>

पशुपालन तथा पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने कृषि विभाग के सहयोग से हाल ही में फरारगंज में प्राकृतिक कृषि घटकों की तैयारी पर एक व्यावहारिक प्रशिक्षण और प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में स्थायी कृषि पद्धतियों और कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की पंचायत समिति प्रमुख पद्मावती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य ए. राजन और पंचायती राज संस्था के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों और जीवामृत एवं नीमास्त्र की तैयारी की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनीता रॉय ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभाग की ओर से किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जीवामृत और नीमास्त्र बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन भी हुआ। प्रतिभागियों में जीवामृत और नीमास्त्र वितरित किए गए। किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और सत्र के दौरान अपने प्रश्न पूछे। पंचायत समिति प्रमुख ने प्रतिभागियों को प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><>

एएनएम प्रशिक्षण स्कूल में दो वर्षीय एएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित की जाएगी। अभ्यार्थियों को अपने दस्तावेजों के साथ काउंसलिंग में उपस्थित होने को कहा गया है। काउंसलिंग सामान्य कॉलेज एडमिशन पोर्टल और एएनएम प्रशिक्षण स्कूल के सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित अंतिम मेरिट सूची के अनुसार होगी।

<><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित बफल रेंज में तटरक्षक बल की ओर से कल फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। सभी संबंधितों से स्वयं को, अपने पशुओं और वाहनों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>